पंजाब केसरी 26/03/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज विद्यार्थियों को करियर के अवसर प्रदान करने के लिए भी प्रतिबद्ध : डा. रोहित दत्त




*गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित प्लेसमैंट ड्राइव में भाग लेने आए विशेषज्ञ एवं प्राचार्य डा. रोहित दत्त।*

अम्बाला, 25 मार्च (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में मंगलवार को सी.आर.सी. यूनिट द्वारा कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन में प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी विद्यार्थियों के आत्मविश्वास एवं इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की जिज्ञासा की जमकर सराहना करते हुए कहा कि गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ने न केवल विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शिक्षा देने का जिम्मा उठाया है, बल्कि कॉलेज अपने विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर करियर के शानदार अवसर उपलब्ध करवाने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों आदित्य एवं सुखदेव सिंह द्वारा लॉजिस्टिक्स को-आर्डिनेटर फॉर यू.एस.ए, आई.टी. स्पैशलिस्ट फॉर कम्प्यूटर एवं यू.एस.ए. मैडीकल बिलिंग के पद के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। सी.आर.सी. यूनिट की संयोजिका डा. भारती सुजान ने बताया कि इस ड्राइव में कॉलेज के लगभग 60 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया, जिनमें से लगभग 30 विद्यार्थी साक्षात्कार के अंतिम चरण तक सफलतापूर्वक पहुंचे और अंत में 17 विद्यार्थी को शॉर्टलिस्ट किया गया।

इस ड्राइव का आयोजन तीन स्तरों पर किया गया, जिनमें एप्टीट्यूड टैस्ट, ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू शामिल रहे। ड्राइव में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का उत्साह देखने योग्य रहा।

सी.आर.सी. यूनिट के टी.पी.ओ. प्रो. कमलप्रीत कौर, प्रो. श्याम रहेजा एवं एम.सी.ए. विभाग की डीन डा. प्रबलीन कौर ने सभी विद्यार्थियों को इंटरव्यू में शामिल होने और इंटरव्यू में सफल होने के गुर सिखाकर उनका मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम में सी.आर.सी. यूनिट के सभी सदस्यों ने ड्राइव को सफल बनाने अपना बेहतरीन योगदान दिया।